गंगा और यमुना नदियों से जल

465. श्री महाराज सिंह भारती : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश की गंगा और यमुना नदियों से हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान को इस समय कितना जल दिया जा रहा है;

(ख) भविष्य में जल की सप्लाई बढ़ाने के लिये बनाई गई योजनाओं का ब्योरा क्या है, जल की कितनी मात्रा बढ़ाने का विचार है या यह मात्रा कब तक उपलब्ध होने लगेगी; और

(ग) क्या सरकार का विचार जल का समुचित उपयोग करने, विभाग में कार्य-कुशलता और सहयोग स्थापित करने तथा उन अनेक राज्यों के क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुसार, जिनकी उक्त नदियों के जल से सिंचाई की जायेगी, जल का वितरण करने के हेतु गंगा यमुना निगम की स्थापना करने का है ?

सिंचाई और विद्युत मंत्री (डा० कु० ल० राव) : (क) और (ख). विवरण सभा पटल पर रखा गया है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या LT-391/67]

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

गंगा नदी पर बांध

466. श्री महाराज सिंह भारती : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के हिमालय क्षेत्र में गंगा नदी पर कितने बांध बनाने का विचार जिनके लिये सर्वेक्षण किया जा चुका है;

(ख) उनमें से कितने बांधों से लाभ कमाया जाएगा और कितने बांधों से लाभ प्राप्त नहीं होगा; और

(ग) इन सब बांधों के बन जाने पर कितनी अतिरिक्त सिंचाई और विद्युत् क्षमता उपलब्ध होगी और इस कार्य पर अनुमानतः कितना व्यय होगा ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) : (क) से (ग). उत्तर प्रदेश की सरकार उत्तर प्रदेश के हिमालयी क्षेत्र में गंगाबेसिन के कई बांध स्थलों पर सर्वेक्षण और अनुसंधान कर रही है। इन स्थलों का अनुसंधान अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इस लिये इस क्षेत्र में बनाये जा सकने वाले बांधों की संख्या इस समय नहीं बताई जा सकती। जब सर्वेक्षण और अनुसंधान पूरे हो जायेंगे और बांधों के निर्माण के लिये क्या प्रस्ताव तैयार हो जायेंगे, तब ही इन परियोजनाओं से होने वाले लाभों को निर्धारित किया जा सकता है और आर्थिक पक्षों का मूल्यांकन किया जा सकता है।

रामगंगा परियोजना

467. श्री महाराज सिंह भारती : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में रामगंगा परियोजना का कार्य कब से आरम्भ हुआ है, उसके सम्बन्ध में मूल अनुमान क्या था और उस पर अब तक कितनी धनराशि खर्च हो चुकी है;

(ख) क्या 2 मई, 1967 से इस के मजदूर हड़ताल पर हैं; और